>

Title: Need to extend facilities to Madarsas under Sarva Shiksha Abhiyan.

श्रीमती अश्वमेध देवी (उजियारपुर): मैं आपके माध्यम से एक मूल समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं। सरकार ने मदरसा की शिक्षा को भी शिक्षा बोर्ड की तरह मान्यता दे रखी है। मदरसा की शिक्षा को मान्यता मिलने के बावजूद भी उसे मकान बनाने के लिए कोई फण्ड नहीं मिलता है। अतः उसे कहीं झोंपड़ी में तो कहीं किसी के भवन पर उसे चलाना पड़ता है।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि उसे भी सर्व शिक्षा अभियान से जोड़ दिया जाये ताकि उसे भी सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत आने वाली सुविधा मिल सके। मदरसे को भी मकान बनाने के लिए सरकार से सहयाता मिल सके।